आईटीआई लिमिटेड ने मीडिया और विश्लेषकों की बैठक का आयोजन।

11 जनवरी, 2020 को बेंगलूरु में आईटीआई लिमिटेड ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के संबंध में मीडिया और विश्लेषकों की बैठक आयोजित की ।

कंपनी की चालू एफपीओ प्रक्रिया के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में आईटीआई की पेशकश के साथ परिचित और ब्रांड आईटीआई की अधिकतम दृश्यता प्राप्त करने हेतु मीडिया और विश्लेषक के साथ एक दिवसीय परिचित यात्रा का आयोजन किया गया । आईटीआई बेंगलूरु प्लांट में श्री अरूण कुमार, कार्यकारी निदेशक-अनुसंधान एवं विकास द्वारा प्रस्तुतीकरण के साथ यात्रा प्रारंभ की गई, जिसके फलस्वरूप दूरंसचार परीक्षण प्रयोगशाला (टेलिकॉम टेस्टिंग लैब), डाटा सेंटर, स्टार्ट-अप हब, 3डी-प्रिंटिंग, पीसीबी विनिर्माण, रक्षा सुरक्षा उत्पादन और आईओटी समाधान के साथ इकाई प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श किया गया।

मीडिया और विश्लेषकों हेतु आईटीआई बेंगलूरु प्लांट में निगमित प्रस्तुतीकरण

आईटीआई बेंगलूरु प्लांट में मीडिया और विश्लेषकों ने दूरसंचार परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा किया।

आईटीआई निगमित कार्यालय में संक्षिप्त सत्र (ब्रीफिंग सत्र) आईटीआई रोडशो फिल्म के अनावरण के साथ प्रारंभ हुआ, इसके पश्चात् श्री बी आर रमेश, उप महाप्रबंधक-तकनीकी सेवा द्वारा कंपनी के पुनरुद्धार प्रगति और भविष्य के दृष्टिकोण पर एक निगमित प्रस्तुतीकरण दी गई। आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर एम अग्रवाल ने श्री एस पी गुप्ता, निदेशक-मानव संसाधन, श्री डी वेंकटेश्वरलू, निदेशक-उत्पादन और कंपनी की वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता की।

विश्लेषकों और मीडिया द्वारा क्यू और ए के बाद आने वाले एफपीओ के बारे में श्री अग्रवाल ने अवलोकन किया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर एम अग्रवाल ने आईटीआई लिमिटेड में मीडिया और विश्लेषकों को संक्षिप्त रूप से बताते हुए ।